कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-20.02.2024

थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की बैट्री की बिक्री के बचे कुल 4700/- रु0 नगद व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद ऑटो बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-044/2024 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1.कल्लू गुप्ता उर्फ डान पुत्र स्व0 बाबू नन्दन गुप्ता निवासी अहिरौली आयर बाजार थाना चोलापुर वाराणसी, 2.राजू गुप्ता पुत्र स्व0 राजेश गुप्ता निवासी सराय नन्दन खोजवा थाना भेलूपुर वाराणसी व 3.रमेश पटेल उर्फ बिहारी पुत्र स्व0 महेश पटेल निवासी रामनगर पो0 उरुवा थाना मेजा प्रयागराज को दिनांक-19.02.2024 को समय करीब 22.35 बजे देशी ठेका शराब की दुकान रिंग रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के माल टोटो की बैट्री की बिक्री के बचे 4700/- रूपये नगद व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद ऑटो को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-दिनांक-18.02.2024 को वादी मुकदमा श्री चन्द्रकान्त शर्मा पुत्र प्यारे लाल शर्मा निवासी-म0नं0 15/140 भरलाई शिवपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी ने दिनांक-02.02.2024 को महाराजा लान रुद्रा अपार्टमेन्ट के पास से अज्ञात चोर द्वारा वादी के टोटो रजि0नं0 यू0पी0 65 जे टी 3963 की बैट्री चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर मे मु0अ0स0-0044/2024 धारा 379 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 शशि प्रताप सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-02.02.2024 को रात्रि में भक्तिनगर गेट नं0-1 के पास स्थित महाराजा लॉन के बगल में खड़ी टोटो की बैट्ररी चुरा लिये थे तथा आटो नं0 UP 65 KT 7240 जो हम लोगो के साथ मिली है इसी आटो का प्रयोग करके हम तीनों लोग टोटो की बैट्री चोरी किये थे। बैट्री को बेचकर हम लोगो को हिस्से में जो पैसा मिला था उसी में से शेष बचा पैसा यही है जो हमारे पास से बरामद हुआ है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.कल्लू गुप्ता उर्फ डान पुत्र स्व0 बाबू नन्दन गुप्ता निवासी अहिरौली आयर बाजार थाना चोलापुर वाराणसी,उम्र 50 वर्ष।

2.राजू गुप्ता पुत्र स्व0 राजेश गुप्ता निवासी सराय नन्दन खोजवा थाना भेलूपुर वाराणसी, उम्र 35 वर्ष।

3.रमेश पटेल उर्फ बिहारी पुत्र स्व0 महेश पटेल निवासी रामनगर पो0 उरुवा थाना मेजा प्रयागराज, उम्र 40 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- चोरी के माल टोटो की बैट्री की बिक्री के बचे 4700/- रूपये नगद व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद ऑटो बरामद।

1.अभियुक्त कल्लू गुप्ता उर्फ डान उपरोक्त से 2000/- रुपया

2.अभियुक्त राजू गुप्ता उपरोक्त से 1500/- रुपया

3.अभियुक्त रमेश पटेल उर्फ बिहारी उपरोक्त से 1200/-रुपया

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त कल्लू गुप्ता उर्फ डान पुत्र स्व0 बाबू नन्दन गुप्ता निवासी अहिरौली आयर बाजार थाना चोलापुर वाराणसी, उम्र 50 वर्ष।

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना
1	05/2019	401 भा.द.वि.	कोतवाली
2	143/2013	379/411 भा.द.वि.	भेलूपुर
3	147/2019	379/411 भा.द.वि.	भेलूपुर
4	188/2019	3/25 आयुद्ध अधि0	भेलूपुर
5	231/2023	3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट	भेलूपुर
6	91/2023	379 / 411 भा.द.वि.	रामनगर
7	196/2015	3/25 आयुध अधि0	सिगरा
8	431/2016	379/411/420 भा.द.वि.	सिगरा
9	884/2019	380/411 भा.द.वि.	कैन्ट
10	1001/2016	411/461 भा.द.वि.	कैन्ट
11	1009/2019	41, 411, 413, 414, 419, 420, 467, 468 भा.द.वि.	कैन्ट
12	0037/2023	379, 411, 413 भा.द.वि.	मण्डुवाडीह
13	325/2022	8/20 NDPS ACT	मण्डुवाडीह
14	97/2015	379 भा.द.वि.	शिवपुर
15	295/2016	401 भा.द.वि.	शिवपुर
16	296/2016	8/22 NDPS ACT	शिवपुर
17	30/2019	379/411 भा.द.वि.	सारनाथ
18	31/2019	41/411 भा.द.वि.	सारनाथ
19	32/2019	20 NDPS ACT	सारनाथ
20	370/2009	8/20 NDPS ACT	चौबेपुर
21	363/2009	356, 356, 411 भा.द.वि.	बड़ागांव
22	413/2009	3/25 आर्म्स एक्ट	बड़ागांव
23	203/2009	8/20 NDPS ACT	शिवपुर
24	204/2009	3/25 आर्म्स एक्ट	शिवपुर

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 शशि प्रताप सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विजेन्द्र सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 सुरेन्द्र मौर्या थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 मनीष तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 दिवाकर वत्स सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।